दिनांक : 11.09.2026
समय : 18:30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न–वोटों की गिनती 14 सितम्बर को होगीं
- भारत की अध्यक्षता और मेजबानी में 18 वां ब्रिक्स सम्मेलन कल से नई दिल्ली में–दुनिया के कई प्रमुख नेता पहुंचें
- देश में आज से फास्टैग पोर्टेबिलिटी के लिए वन टैग सुविधा की शुरूआतं
- राज्य के कुछ हिस्सो में मॉनसून के फिर से सक्रिय होने से उमस भरी गर्मी से राहत–कल 29 ज़िलों में बरसात का यलो अलर्ट

000

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे चरण का मतदान अब से कुछ देर पहले सम्पन्न हुआं 147 निकायों में शाम 05 बजे तक लगभग 68 प्रतिशत वोट डाले गयें सुबह 07:00 बजे से शुरू हुआ मतदान का सिलसिला शाम 06:00 बजे तक पोलिंग बूथ परिसर में प्रवेश करने वालों के लिए जारी रहां छुटपुट घटनाओं को छोडकर मतदान सुचारू और शांतिपूर्ण रहां इस चरण में 6 नगर निगम 20 नगर परिषद और 121 नगर पालिकाओं के लिए मतदान हुआं शहरों की सरकार चुनने के लिए लोगों में उत्साह देखा गयां दोपहर 03:00 बजे तक बाडमेर के धोरीमन्ना में 85 प्रतिशत से अधिक वोट डाले जा चुके थें वही उदयपुर के मावली में 80 प्रतिशत वोट डाले गये, बाड़मेर के चोहटन में 78 फीसदी मतदान दर्ज हो गयां प्रमुख नगर निगमों में दोपहर 03:00 बजे सबसे कम अजमेर में करीब 48 प्रतिशत वोट डाले गयें

मातृशक्ति और युवा शक्ति नव मतदाता और बुजुर्गों सहित हर आयु वर्ग में मतदान को लेकर जोश देखा गयां लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी के बाद मतदाताओं ने क्या कहा आईये सुनते हैं

..........................

........................

.......................

निकाय चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर के जगतपुरा स्थित मतदान केन्द्र में वोट डालां मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने **वन स्टेट वन इलेक्शन** को जनता के हित में बतायां

......................

दूसरे चरण का मतदान पूरा होने के साथ ही 18 हजार 266 उम्मीदवारों का राजनैतिक भविष्य इ.वी.एम. में कैद हो गयां 162 निकायों में हुए पहले चरण में मतदान प्रतिशत 76 दशमलव 41 रहां कुल 309 निकायों में हुए इन चुनाव के लिए 38 हजार 929 उम्मीदवार मैदान में हैं 76 वार्डों में प्रत्याशी र्निविरोध चुने गयें वोटों की गिनती 14 सितम्बर को होगीं

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विश्व के नेता कल से शुरू होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली में इकठ्ठा हो रहे हैं सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर

सकारात्मक और सार्थक चर्चा होने की उम्मीद जतायीं भारत की अध्यक्षता और मेजबानी में आयोजित होने वाले दो दिन के शिखर सम्मेलन में ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, भारत, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात सहित ग्यारह प्रमुख उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं एक मंच पर होंगीं भारत मंडपम में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का विषय "लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण" रखा गया हैं

**000**

ब्रिक्स देशों ने टैरिफ और गैर–टैरिफ बाधाओं सहित एकतरफा व्यापार और वित्तीय उपाय लागू किए जाने पर गंभीर चिंता जताई हैं सदस्य देशों ने कहा कि इससे व्यापार प्रभावित होता है और यह **विश्व व्यापार संगठन–डब्ल्यूटीओ** के नियमों के अनुरूप नहीं हैं उन्होंने डब्ल्यूटीओ को केंद्र में रखते हुए स्वतंत्र, पारदर्शी और नियम–आधारित बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्था के लिये समर्थन दोहरायां भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता में मुंबई में कल ब्रिक्स वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की अंतिम बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में यह बात कही गईं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आतंकवाद का खतरा लगातार बदल रहा है, किन्तु भारत का संकल्प इसके सभी रूपों के खिलाफ अडिग हैं अमरीका में 11 सितंबर के आतंकवादी हमलें की 25वीं बरसी पर सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद ने दुनियाभर में अनगिनत लोगों की जान ली हैं उन्होंने कहा कि सीमा पार आतंकवाद से प्रभावित भारत दशकों से इसके खिलाफ लड़ाई में आगे रहा हैं प्रधानमंत्री ने हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवारों के प्रति एकजुटता व्यक्त कीं

000

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज मुंबई में फास्टैग पोर्टेबिलिटी के लिए **वन टैग** सुविधा का शुभारंभ कियां इसके तहत वाहन मालिक अपने मौजूदा फास्टैग को राजमार्ग यात्रा ऐप द्वारा नए बैंक खाते से जोड़ सकते हैं इस अवसर पर श्री गडकरी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के अंत तक टोल प्लाजा पर प्रतीक्षा समय को 10 सेकंड से कम करना हैं उन्होंने बताया कि देशभर में अब तक 13 करोड़ से ज्यादा फास्टैग जारी किये जा चुके हैं

.......................

000

सवाईमाधोपुर स्थित रणथम्भौर का प्रसिद्ध त्रिनेत्र गणेश लक्खी मेला कल से शुरू हो रहा हैं तीन दिन के इस मेले के लिए श्रद्धालुओं की भारी आवक को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से पुख्ता बन्दोबस्त किये गये हैं जिला कलक्टर कानाराम ने बताया कि मेले में साफ–सफाई पर भी विशेष ज़ोर रहेगां मेले को पूरी तरह सिंगल यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल सामाग्री से मुक्त रखा जाएगां
उन्होंने सभी मेलार्थियों से स्वच्छता को लेकर सहयोग करने की अपील की हैं

.............................

000

राज्य में मॉनसूनी गतिविधियों का दौर एक बार फिर आज से सकिय हो सकता हैं मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के सिस्टम ने मौसम में बदलाव के संकेत दिये हैं इसके असर से पूर्वी और दक्षिणी राजस्थान के कुछ हिस्सों में बारिश की गतिविधियां बढ सकती हैं कही–कही तेज बारिश भी हो सकती हैं बारिश का यह दौर 15 सितम्बर तक जारी रहने के आसार हैं कल 29 ज़िलों में बरसात का यलो अलर्ट जारी किया गया हैं इस बीच आज दोपहर बाद भरतपुर में घनघोर घटाएं छा गई और डेढ घंटे तक झमाझम बरसात हुई, बारां में भी दोपहर बाद कुछ देर ज़ोरदार पानी बरसां राजधानी जयपुर में भी अब से कुछ देर पहले बरसात का सिलसिला शुरू हुआं हालांकि मौसम के इस बदलाव से पहले अधिकतर स्थानों पर उमस भरी गर्मी बनी हुई हैं पिछले 3–4 दिनों से बारिश का दौर थमने के साथ ही तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई हैं 10 से ज्यादा स्थानों पर दिन का तापमान 36 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच मापा जा रहा हैं पिलानी में पारा 40 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा वहीं श्रीगंगानगर, बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, चूरू और झुन्झुनू सहित अन्य स्थानों पर दिन का तापमान 37 डिग्री के पास पहुंचने से उमस और गर्मी ने ज़ोर पकड लिया हैं मौसम विभाग ने अगले दो सप्ताह से प्रदेश में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने का पूर्वानुमान बताया हैं